**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**22.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे**

**प्रश्नकाल**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार एम्स की तर्ज पर कैंसर रोग के उपचार के लिए सुविधाएं उपलब्ध करवाएगी। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र में आज प्रश्नकाल के दौरान विधायक राकेश कालिया और कुलदीप सिंह राठौर के संयुक्त सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने ये बात कही। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि नार्थ–ईस्ट के बाद हिमाचल में कैंसर के सबसे अधिक रोगी सामने आ रहे हैं। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार 3 हजार करोड़ रुपए से मैडिकल उपकरणों की खरीद कर रही है, ताकि अस्पतालों में पुरानी मशीनों व उपकरणों को बदलने के साथ आधुनिक टैक्नोलॉजी का प्रयोग किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंसर की रोकथाम के लिए राज्य सरकार हमीरपुर में 3 सौ करोड़ रूपए की लागत से बडा अस्पताल खोल रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कैंसर का पहली स्टेज पर पता लगाने के लिए आईजीएमसी और टांडा मैडिकल कॉलेज में पैट स्कैन मशीन स्थापित करने जा रही है और सभी मैडिकल कॉलेजों में चरणबद्ध तरीके से पैट स्कैन मशीन को स्थापित किया जाएगा।

विधायक विनोद कुमार, रणधीर शर्मा व सुखराम चौधरी के मूल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, व विधायक सुधीर शर्मा, हंसराज और संजय रतन के अनुपूरक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि नाबार्ड के तहत अब इलेक्ट्रिक बसों की खरीद भी की जा सकेगी। उन्होंने इस संबंध में विधायकों से अपनी प्राथमिकताएं देने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक अप्रैल 2022 से 31 जुलाई 2025 तक तहत विधायक प्राथमिकताओं की लोकनिर्माण और जलशक्ति विभाग की कुल 6 सौ 27 डीपीआर नाबार्ड को भेजी गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नाबार्ड के तहत आने वाली स्कीमों की डीपीआर बनाने में देरी न हो, इसके लिए एफसीए की मंजूरी के संबंधित मामलों को लेकर डीसी की अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की 2 हजार एक सौ 83 सड़कें एफसीए के उल्लंघन कर बनी थी और यह यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। सरकार ने कोर्ट में रिव्यू पिटिशन दायर कर रखी है। विधायक विपिन सिंह परमार के सवाल के जवाब में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जलशक्ति विभाग में पिछले दो वर्षों में 20 फरवरी तक 92 हजार 6 सौ 19 कार्य विभिन्न श्रेणियों के ठेकेदारों को आवंटित किए गए हैं।

**शून्यकाल–विक्रमादित्य**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि सडकों के निर्माण व अपग्रेडेशन के लिए हिमाचल प्रदेश को पिछले तीन साल में केन्द्र सरकार से 3 हजार 9 सौ 60 करोड रूपए की राशि मिली है। वे आज विधानसभा में विधायक रीना कश्यप द्वारा शून्यकाल में उठाए गए सड़क के मामले में

जवाब दे रहे थे। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वे लगातार केन्द्र सरकार के सामने प्रदेश के हक की आवाज को बुलंद करेंगे। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि सड़कों के क्षेत्र में मदद के लिए वह केन्द्र सरकार का आभार भी जताते है मगर यह हिमाचल का हक है जो उसे मिलना चाहिए था और मिला है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पी.एम. गति शक्ति पोर्टल में प्रदेश की 5 सड़कों को शामिल करने का प्रस्ताव भी केन्द्र सरकार को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के चौथे चरण में 15 सौ किलोमीटर सडकों का निर्माण होगा और इसमें दुर्गम क्षेत्रों के लिए बेहतरीन सडक सुविधाएं मिलेंगी जिससे हिमाचल को बड़ी राहत मिलेगी।

**मणिमहेश यात्रा**

चम्बा जिला में इन दिनों विश्वप्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा चल रही है और जिसमें रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु यात्रा पर जा रहे हैं। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि इस बार श्रद्धालुओं के लिए भरमौर के अलावा होली से भी हैली टैक्सी सेवा उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने कहा कि हालांकि खराब मौसम के चलते इस बार अभी तक भरमौर हैलीपैड से केवल एक बार ही उड़ान हो पाई है।

———————————